# याद रखें: आग से सुरक्षा की शुरुआत आपसे होती है

भवन के निवासियों को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:

- भवन से निकास के साधनों एवं निकास के मार्गों से परिचित हों;
- आग से बचने की योजना तैयार करें और बैठक की एक जगह नामित करें;
- भवन द्वारा आयोजित आग के रोकथाम की वार्ता एवं आग से बचने के अभ्यासों में भाग लें;
- सुनिश्चित करें कि निकास के मार्ग (गलियारे एवं सीढ़ी समेत) अवरोध मुक्त हैं;
- सुनिश्चित करें कि धुआँ रोकने वाले दरवाज़े, भूतल निकास द्वार और इमारत की छत से बाहर निकलने के दरवाजे बंद न हों;
- आग लगने की दशा में धुआँ और आग को फैलने से रोकने एवं नुकसान को कम करने के लिए धुआँ रोकने वाले दरवाज़ों को बंद रखें;
- 2723 8787 पर फोन कर के फायर सर्विसेज़ विभाग को आग के किसी भी खतरे के बारे में रिपोर्ट करें.

फायर सर्विसेज़ विभाग

# आग से बचाव



(印度)

# आग से बचाव की एक अच्छी योजना आपकी जिंदगी बचा सकती है!





## यदि आपकी इकाई में आग लगती है

- शांत रहें;
- अपनी इकाई में प्रत्येक व्यक्ति को निकलने के लिए कहें;
- निकटतम सीढ़ी के द्वारा बाहर निकलें;
- आग के अलार्म को सक्रिय करने के लिए गलियारे के ब्रेक ग्लास इकाई को तोड़ें;
- जब आप सुरक्षित हो जाएँ तो आग की रिपोर्ट करने के लिए "999" पर फोन करें.

## जब आप आग का अलार्म सुनें

- शीघ्रता से प्रतिक्रिया दें एवं कार्यवाही करें;
- यदि परिस्थिति अनुमति दे तो इकाई में रुकें. यदि आग लगी हो, तो फायर सर्विसेज़ विभाग को सुचना देने के लिए "999" पर फोन करें और निम्नलिखित उपाय अपनाएँ:



## इकाई को छोड़ने से पूर्व

- इकाई से बाहर निकलने के जोखिम का मूल्यांकन करें
- शीघ्रता से निर्णय लें कि इकाई को छोड़ना है या नहीं.

## यदि आप इकाई में रुकने का निर्णय करते हैं



- दरवाजा बंद करदें और उसके आस पास के किसी भी छेद को डक्ट टेप और तौलिए की सहायता से बंद कर दें;
- यदि इकाई में धुआँ आना जारी रहता है, तो “999” पर फोन करें और जिस जगह फंसे हुए हैं उसके बारे में फायर सर्विसेज़ विभाग को सूचित करें;
- धुएं से मुक्त किसी कमरे में जाएँ;
- बालकनी पर या किसी खिड़की के द्वारा चादर लटका कर या तौलिया लहरा कर दमकल कर्मियों को अपनी जगह दर्शाएँ




## यदि आप इकाई छोड़ने का निर्णय करते हैं

- आग से बचाव के लिए तीन लाभदायक चीज़ें (मोबाइल फोन, चाबियाँ एवं गीला तौलिया) अपने साथ लायें;
- यदि गलियारा धुआँ मुक्त हो, तो इकाई को तत्परता के साथ छोड़ दें;
- इकाई का दरवाज़ा बंद कर दें;
- निकटतम सीढ़ी के द्वारा बाहर निकलें और लिफ्ट का उपयोग न करें;
- यदि सीढ़ी में धुआँ भरा हुआ हो, तो फ़ौरन दूसरी सीढ़ी के द्वारा बाहर निकलें;
- यदि सुरक्षित मार्ग वाली कोई सीढ़ी न हो, तो अपनी इकाई की तरफ वापस हो जाएँ या जब तक आपको शरण लेने के लिए कोई सुरक्षित जगह न मिल जाये अन्य इकाइयों के दरवाज़ों पर दस्तक देने की कोशिश करते रहें;
- यदि धुआँ आपका मार्ग निरुद्ध कर रहा हो, तो फर्श के सहारे रेंगे क्योंकि फर्श के निकट हवा ज़्यादा ताज़ी होती है.